01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौबीस अप्रैल को मधुबनी में पंचायती राज दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। दौरे को लेकर एनडीए के घटक दलों की पटना में हुयी उच्च स्तरीय बैठक।

02. केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा – सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत राज्य में साढ़े पांच लाख नये आवास के निर्माण को मंजूरी दी।

03. राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने शराबबंदी कानून के औचित्य पर सवाल उठाए। शराब तस्करी में पुलिस की संलिप्तता का लगाया आरोप।

04. और, महिला विश्व कप कबड्डी का एक जून से दस जून के बीच राजगीर में होगा आयोजन। चौदह देशों की टीमें लेंगी हिस्सा।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौबीस अप्रैल को बिहार दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे मधुबनी में पंचायती राज दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर आज भाजपा प्रदेश मुख्यालय, पटना में एनडीए के घटक दलों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुयी। इस बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए। साथ ही बैठक में एनडीए के सभी घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद, विधायक और प्रमुख नेता उपस्थित थे। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि चौबीस अप्रैल को प्रधानमंत्री बिहारवासियों को कई सौगात देंगे।

–––बाइट–––

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बैठक में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर मुख्य रूप से चर्चा हुयी। श्री चौधरी ने कहा कि मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम से प्रधानमंत्री बिहार के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं करेंगे।

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री मधुबनी से राज्यवासियों को मार्गदर्शन देंगे, जो बिहार के लिए लाभकारी और कल्याणकारी होगा।

———बाइट———

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि प्रधानमंत्री का चौबीस अप्रैल को मधुबनी दौरा ऐतिहासिक होगा।

———बाइट———

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास की नेता और सांसद शांभवी ने कहा कि बिहार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर है।

———बाइट———

---

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत राज्य में साढ़े पांच लाख नये आवास के निर्माण को मंजूरी दी है। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पटना में अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में यह जानकारी दी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने मीडिया को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि अब योजना के तहत राज्य में लगभग चौदह लाख परिवारों के आवास का निर्माण होगा।

———बाइट———

इधर, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि बिहार में तीन लाख से अधिक लखपति दीदी बन चुकी हैं और इस साल बीस लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है।

---

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इक्कीस अप्रैल को बिहार दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे मुंगेर जिले के जमालपुर रेल कारखाना का दौरा करेंगे। केंद्रीय मंत्री और मुंगेर के सांसद ललन सिंह ने बताया कि रेल मंत्री का यह दौरा काफी महत्वपूर्ण है। इस दौरान वे मेक इन इंडिया के तहत कारखाना को बेहतर बनाने से जुड़ी संभावनाओं को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे।

---

उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि आंधी और बारिश के कारण किसानों को हुई फसल क्षति के आकलन का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के मूल्यांकन के आधार पर सरकार किसानों को मुआवजा देगी।

---

सूचना प्रावैधिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने आज पटना स्थित चाणाक्या नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में साइबर लॉ नेशनल मूट कोर्ट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्कूल स्तर पर बच्चों को सामान्य कानून की जानकारी देने की आवश्यकता है।

---

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया–एनपीसीआई ने कहा है कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस–यूपीआई लेनदेन में कुछ तकनीकी समस्याओं के कारण आंशिक रूप से कमी आ रही है। सोशल मीडिया पोस्ट में एनपीसीआई ने कहा कि वे सुचारू डिजिटल लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए समस्याओं को हल करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

---

और, अब एक जरूरी सूचना.....

आकाशवाणी पटना से दोपहर तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित होने वाले हिन्दी समाचार बुलेटिन और तीन बजकर पंद्रह मिनट पर प्रसारित होने वाले उर्दू समाचार बुलेटिन के प्रसारण समय में बदलाव किया जा रहा है। तेरह अप्रैल यानि कल से हिन्दी समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किये जायेंगे। वहीं, उर्दू समाचार बुलेटिन का प्रसारण दोपहर दो बजकर पांच मिनट से होगा।

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने बिहार में लागू शराबबंदी कानून के औचित्य पर सवाल उठाए हैं। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि शराबबंदी लागू होने के बाद से राज्य में तीन करोड़ लीटर से अधिक शराब

बरामद की गयी। श्री यादव ने आरोप लगाया कि शराब तस्करी में पुलिस की भी संलिप्तता है।

———बाइट———

---

बिहार दूसरी बार महिला विश्व कप कबड्डी प्रतियोगिता— दो हजार पच्चीस की मेजबानी करेगा। वर्ष दो हजार बारह में पहली बार बिहार ने महिला विश्व कप कबड्डी प्रतियोगिता की मेजबानी की थी। आज पटना में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण और एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जितेन्द्र ठाकुर ने विश्व कप कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। संवाददाताओं से बातचीत में श्री शंकरण ने कहा कि प्रतियोगिता का आयोजन एक जून से दस जून के बीच राजगीर खेल अकादमी में होगा। इस प्रतियोगिता में भारत, चीन, नेपाल, पाकिस्तान, थाइलैंड और दक्षिण अफ्रीका सहित चौदह देशों की टीमें हिस्सा लेंगी।

———बाइट———

इधर, भारतीय महिला कबड्डी टीम की कप्तान सोनाली विष्णु ने कहा कि वे विश्व कप को लेकर काफी उत्साहित हैं।

———बाइट———

---

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर—पूर्वी हिस्सों— सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार जिले में अनेक स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है। वहीं, राज्य के अन्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाइट———

---

राजेन्द्र सेतु पर मरम्मत कार्य के कारण सेतु का सड़क मार्ग आज रात दस बजे से कल सुबह छह बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान एम्बुलेंस और आपातकालीन वाहनों को छोड़कर अन्य सभी वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी।

---

नवादा जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के पार्वती गांव से पुलिस ने पचास हजार रूपये के ईनामी अपराधी भीम महतो समेत पांच अपराधियों को भारी मात्रा में हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

अरवल के पुलिस अधीक्षक ने एक लाईन होटल से अवैध तरीके से वसूली करने के आरोप में अरवल थाना में पदस्थापित चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। इनके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है।

शेखपुरा जिले के कुसुंभा थाना क्षेत्र अंतर्गत देवले गांव से पुलिस ने एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है।

अरवल जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र के बेलसार गांव के पास एक अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से दो सगे भाईयों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयीं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौबीस अप्रैल को मधुबनी में पंचायती राज दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। दौरे को लेकर एनडीए के घटक दलों की पटना में हुयी उच्च स्तरीय बैठक।

02. केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा – सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत राज्य में साढ़े पांच लाख नये आवास के निर्माण को मंजूरी दी।

03. राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने शराबबंदी कानून के औचित्य पर सवाल उठाए। शराब तस्करी में पुलिस की संलिप्तता का लगाया आरोप।

04. और, महिला विश्व कप कबड्डी का एक जून से दस जून के बीच राजगीर में होगा आयोजन। चौदह देशों की टीमें लेंगी हिस्सा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।